हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025

13 राम के वनवास गमन की बात सुन राजा दशरथ हुए...



14 सीएम ने वर्चुअल माध्यम से किया दीनदयाल...



## बैठक के दौरान पार्षदों ने नपा के क्लर्कों पर लगाया लापरवाही बरतने व बात नहीं सुनने का आरोप

# एमई बोले: क्लर्क नहीं मेरे ऊपर है यह अफसर, विधायक कंवर सिंह यादव ने क्लर्कों को दी सुधार करने की चेतावनी

- नगर पालिका को नगर परिषद बनाए जाने के प्रस्ताव पर लगी मोहर, अनेक विकास कार्यों को मिली मंजूरी
- बैठक में शहर के प्रमुख चौराहों का सौदर्यीकरण व शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार करने पर नपा का फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका हाउस की बैठक गुरुवार को उस समय गर्मा गई जब पार्षदों ने नपा के क्लर्कों पर लापरवाही करने व बात न सुनने का आरोप लगाया। इस पर विधायक कंवर सिंह यादव ने मौके पर मौजूद एमई राजेश कौशिक से जवाब मांगा। एमई ने साफ कहा कि नपा के क्लर्क सिर्फ आपके नहीं, मेरे भी अफसर हैं, मेरी बात भी सुनते। विधायक ने आठों क्लर्कों को तुरंत बैठक में बुलाया तथा सख्ती से चेतावनी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी।

### नपा हाउस की बैठक

स्थानीय नगर पालिका कार्यालय में वीरवार को नपा हाउस की बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। नगरपालिका सचिव गौरव सांगवान, एमई राजेश कौशिक, प्रधान व पार्षद तय समय पर पहुंचे। नपा प्रधान, उप प्रधान व पार्षदों की ओर से मंथन कर प्रस्ताव रखे गए। बैठक में शहर के विकास के लिए नई परियोजनाएं, वार्डों में गलियां एवं मुख्य सड़क निर्माण से लेकर शहर के प्रमुख चौराहों का सौदर्यकरण व शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार करने के प्रस्ताव पर मोहर लगाई। बैठक में प्रधान रमेश सैनी, उप प्रधान मंजू कौशिक, विष्णु वाल्मीकि, अशोक सैनी, भतेरी देवी, सुरेंद्र फौजी, देवेंद्र उर्फ सोनू सैनी, सुखबीर, राजेश सैनी, सुनील तायल, मनोनीत पार्षद मुकेश खटीक, निखिल चनेजा सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।





महेंद्रगढ़। क्लर्कों की क्लास लगाते विधायक व नगर पालिका कार्यालय में बैठक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### इन प्रस्तावों पर लगी मोहर

- महेंद्रगढ़ नगर पालिका को नगर परिषद का दर्जा देना।
- शहर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए मोदाश्रम के पास इंडोर स्टेडियम बनाना।
- युवाओं को ज्ञानार्जन का अवसर प्रदान करने के लिए शहर में डिजिटल लाइब्रेरी खोलना।
- शहर के प्रमुख चौक-चौराहे का सौदर्यीकरण।
- एचकेआरएन के तहत नगर पालिका में पटवारी, भवन निरीक्षक व दो डाटा एंट्री ऑपरेटर भर्ती करने।

### विधायक ने दिए अनेक विकास कार्यों के सुझाव

बैठक में विधायक कंवर सिंह यादव ने भी कुछ एजेंडे रखे। विधायक ने हाउस से डिजिटल लाइब्रेरी पुराने महिला कॉलेज में खोलने, नवनिर्मित 11 हट्टा बाजार में नाले बनवाने का सुझाव दिया। वहीं 11 हट्टा बाजार में पोल शिफ्टिंग का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के तहत मोदाश्रम के पास, गोशाला रोड व देवीलाल पार्कों विकसित करने का सुझाव दिया।

### सैनीपुरा के चूबतरे का होगा सौंदर्यीकरण

वार्ड नंबर नौ के पार्षद देवेंद्र सैनी उर्फ सोनू ने मीटिंग के दौरान कहा कि उनके मोहल्ले में पंचमुखी मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर एक बड़ा चबूतरा है, जिससे आने-जाने वाले वाहनों को अक्सर परेशानी होती है। इसके अलावा आए दिन हादसे भी होते हैं। इसलिए चबूतरे को तोड़कर इसका सौंदर्यकरण किया जाए। इस प्रस्ताव पर सभी ने अपनी सहमति जताई,इसकों भी सर्वसमिति से पास किया गया।

### वार्ड आठ में बन सकती है डिजिटल लाइब्रेरी

हाउस की मीटिंग में डिजिटल लाइब्रेरी का प्रस्ताव रखा गया। सबसे पहले अकांउटेंट ने डिजिटल लाइब्रेरी ऑटो मार्केट में बनने वाले नगर पालिका के नए भवन के पास लाइब्रेरी के पास खोलने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद वार्ड नंबर आठ के पार्षद निखिल चनेजा ने वार्ड आठ में कम्यूनिटी सेंटर खोलने की मांग रखी। इसके बाद हाउस में डिजिटल लाइब्रेरी वार्ड नंबर आठ में खोलने पर सहमति जताई।

## खबर संक्षेप

### नावदी में किसान के खेत से केबल चोरी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव नावदी में एक किसान के खेत से अज्ञात चोरों द्वारा केबल चोरी करने अटेली पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस में दी शिकायत में काशीराम ने बताया कि उसके खेत से 24 सितंबर की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा लगभग 100 फुट की केबल चोरी कर ली है। वह बहुत ही गरीब किसान है।

### यादव सभा के चुनाव कल

**महेंद्रगढ़।** यादव सभा के चुनाव 27 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी राष्ट्रपाल यादव ने बताया कि यादव सभा के चुनाव 27 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। 26 सितंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इसके अलावा दावे व आपत्तियां का आमंत्रण व निपटारा 27 सितंबर को होंगे। निर्वाचक नामावली कॉलेजियम का अंतिम प्रकाशन 14 अक्टूबर को होगे। इसके अलावा 16 अक्टूबर को उम्मीदवार नामांकन पत्र जमा करवा सकते हैं। 19 अक्टूबर को नामांकन पत्र की जांच होगी।

### कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान आज अटेली में

**नारनौल।** केंद्र में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का राष्ट्रव्यापी अभियान वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत प्रदर्शन एवं हस्ताक्षर अभियान 26 सितम्बर को सुबह साढ़े दस बजे अटेली के पुराने बस स्टैंड के सामने ऋतु गार्डन में आयोजित किया जाएगा। पूर्व सीपीएस अनीता यादव एवं कांग्रेस जिला प्रधान सत्यवीर यादव झूकिया ने बताया कि जिला कांग्रेस के सीनियर नेता और हरियाणा प्रदेश के सहप्रभारी जितेंद्र बघेल उपस्थित होंगे।

### कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी गठित

**कनीना।** सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक कनीना की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शाखा प्रधान नरेंद्र सिंह ने की। जिसमें कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसके पर्यवेक्षक के रूप में जिला प्रधान कौशल यादव, जिला सचिव राहुल सारवान व राज्य सचिव सुबेसिंह यादव की मौजूदगी में पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। ब्लॉक प्रधान के रूप में सचिन रंगा, सचिव शशिबाला, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार नियुक्त हुए।

### पॉलिटेक्निक में शिक्षक अभिभावक बैठक आज

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में 26 सितंबर को इस सेमेस्टर की पहली शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित की जाएगी। प्रधानाचार्य अनिल कुमार यादव ने बताया कि अभिभावक उपस्थित होकर अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और व्यवहार संबंधी जानकारी प्राप्त कर लें।

## दिनभर अनाज मंडी में आढ़ती व मार्केट कमेटी के कार्यालय में भटकते रहे किसान

### मोबाइल पर डिसकलर होने की भेजी सूचना

# बिना बारदाना और लेबर के अनाज मंडी में बाजरे की खरीद करने पहुंची कमेटी सैंपल लेकर नारनौल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार से मंडियों में बाजरे की खरीद आरंभ होनी थी, लेकिन नांगल चौधरी अनाज मंडी में खरीद कमेटी ही नही पहुंची। वीरवार को दोपहर 11:30 परचेजर सुनील चौधरी पहुंचे, लेकिन 20 मिनट में ढेरियों के सैंपल लेकर नारनौल रवाना हो गए। इधर इंतजार में बैठे किसानों को देर शाम बाजरा डिसकलर का तर्क देकर ढेरी कैंसिल करने की सूचना मिली।

- किसानों ने खरीद एजेंसी की तानाशाही पर जताया रोष धरने प्रदर्शन का अल्टीमम

परेशान किसानों ने कमेटी पर तानाशाही और लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं।

आढ़ती मुलायम सिंह, धोलाराम, लीलाराम, सुनील डांगी ने बताया कि बीते तीन चार दिन से रोजाना किसान मंडी में खरीद शुरू होने की जानकारी लेने पहुंच रहे हैं, लेकिन पोर्टल में तकनीकी खराबी होने के कारण टोकन जनरेट नहीं हो रहे थे, जिस कारण आवक रूकी हुई थी। बुधवार की शाम तीन बजे पोर्टल अपडेट हो गया तथा टोकन जनरेट होने लगे हैं। सूचना मिलते ही विभिन्न गांवों के 11 किसान 294 क्विंटल बाजरा लेकर मंडी में आए हैं।

यहां आढ़तियों की सुविधा के अनुसार बाजरे की ढेरी लगा दी। इसके बाद करीब 11:30 बजे खरीद कमेटी मंडी में आई और 20 मिनट में सभी ढेरियों के सैंपल लेकर नारनौल रवाना हो गए। इधर मंडी में किसान ढेरी पास होने की उम्मीद में बैठे रहे। इसके बाद मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने कमेटी के प्रबंधक सुनील चौधरी से संपर्क किया। उन्होंने एक ढेरी सलेक्ट व अन्य सभी ढेरियों के रिजेक्ट होने की सूचना दी। इसके बाद किसानों ने अपनी ढेरियों को समेटकर तिरपाल से ढक दिया। उन्होंने बताया कि 800 से 1400 रुपये वाहनों का किराया खर्च करके बाजरा लाए हैं, अब कमेटी ने ढेरी को कैंसिल कर दिया तो दोबारा किराये का नुकसान झेलना पड़ेगा।

*▶▶ मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने कमेटी के प्रबंधक सुनील चौधरी से संपर्क किया। उन्होंने एक ढेरी सलेक्ट व अन्य सभी ढेरियों के रिजेक्ट होने की सूचना दी। इसके बाद किसानों ने अपनी ढेरियों को समेटकर तिरपाल से ढक दिया। उन्होंने बताया कि 800 से 1400 रुपये वाहनों का किराया खर्च करके बाजरा लाए हैं, अब कमेटी ने ढेरी को कैंसिल कर दिया तो दोबारा किराये का नुकसान झेलना पड़ेगा।*



नांगल चौधरी। किसानों के साथ बाजरे की क्वालिटी का निरीक्षण करते सचिव आदित्य यादव। फोटो: हरिभूमि

### मार्केट कमेटी की सुविधा व बर्ताव से किसान असंतुष्ट

अशोक कुमार, विनोद कुमार, हरीश कुमार, बिक्रम सिंह किसान ने बताया कि खरीद कमेटी व मार्केटिंग सोसायटी के कर्मचारी तक अनाज मंडी में उपस्थित नहीं। विभिन्न कागजी प्रक्रिया के लिए किसान इधर उधर भटक रहे हैं। सूचना मिलने पर मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने किसानों की समस्याएं सुनी तथा उच्चाधिकारियों से संपर्क करके डिसकलर संबंधी दिशानिर्देश जारी कराने का आश्वासन दिया।



नारनौल। मंडी में आढ़ती के यहां बाजरा उतारते किसान। फोटो: हरिभूमि

### पहले दिन नारनौल मंडी में 22 किसान लेकर पहुंचे 550 क्विंटल बाजरा

**नारनौल।** शहर के नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप स्थित नई अनाज मंडी में बाजरे की वीरवार को आवक शुरू हो गई है। मंडी में 22 किसानों ने गेटपास कटवाए, जो करीब 550 क्विंटल बाजरा लेकर आए। यह बाजरा मंडी के आढ़तियों के यहां उतारा गया है। हालांकि सरकारी खरीद एजेंसी ने नॉर्म्स पर खरा नहीं उतरने के कारण यह बाजरा नहीं खरीदा। इस कारण घोषणा के तीसरे दिन भी सरकारी समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद चालू नहीं हो सकी। सरकार ने नारनौल एवं नांगल चौधरी की अनाज मंडियों के लिए हैफेड को खरीद एजेंसी नियुक्त किया हुआ है। मंडी में आढ़ती बाजरे का भाव महज 2050 से 2200 रुपये तक लगा रहे हैं।

### एजेंसी की तैयारी नहीं

*आढ़तियों ने बताया कि खरीद कमेटी की तैयारियां ही पूरी नहीं हुई है। लेबर, ट्रांसपोर्ट, बारदाना सप्लाई का टैंडर तक नहीं छोड़ा है, खरीद शुरू करने के लिए इनका प्रबंध होना जरूरी है। अपनी लापरवाही को छुपाने के लिए डिसकलर का तर्क देकर ढेरियों को रिजेक्ट कर दिया है। उन्होंने बताया कि लावणी के दौरान बारिश हो गई थी, बावजूद बाजरे की क्वालिटी बेहतर है।*

### एक ढेरी सलेक्ट

*खरीद कमेटी के इंचार्ज सुनील चौधरी ने बताया कि नारनौल मील में बारदाने का पर्याप्त स्टॉक है, जरूरत होने पर तुरंत मंगवा लिया जाएगा। वीरवार को करीब 294 क्विटल बाजरे की आवक हुई है, लेकिन एक ढेरी ही सलेक्ट है। बाकी सभी ढेरियां डिसकलर होने के कारण रिजेक्ट कर दी हैं। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्धारित मापदंडानुसार ही खरीद करना संभव हो पाएगा।*

### 2775 रुपये प्रति क्विंटल बाजरे का मूल्य

प्रदेश सरकार ने बाजरे का न्यूनतम सरकारी समर्थन मूल्य 2775 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया हुआ है। खरीफ सीजन में बाजरे की खरीद एक अक्टूबर से चालू करने की परंपरा रही है, लेकिन अबकी बार राज्य सरकार ने 23 सितंबर से ही खरीफ सीजन की फसलों जैसे धान, बाजरा एवं मूंग आदि की खरीद चालू करने का निर्णय लागू कर दिया था। इसी कारण मंडी के कर्मचारी एवं अधिकारी तथा खरीद एजेंसी किसानों के बाजरा लेकर मंडी आने का इंतजार कर हुए हैं। वीरवार को तीसरे दिन हालांकि दो दिन का सूखा खत्म हो गया और जल महल मंडी में 22 किसान लगभग 550 क्विंटल बाजरा लेकर पहुंचे।

### यह बोले खरीद अधिकारी

खरीद एजेंसी हैफेड के परचेजर योगेश शेखावत ने बताया कि मंडी आए बाजरे के सैंपल कराए गए हैं, लेकिन उनमें से एक भी पास नहीं हो सका है। सरकार ने नॉर्म्स बना रखे हैं, उन्हीं के तहत बाजरा खरीदा जाएगा। किसानों को चाहिए कि वे मंडी में साफ-सुथरा एवं सूखा हुआ बाजरा लेकर आएं। बाजरा काला-पीला या बदरंग नहीं होना चाहिए। मार्केट कमेटी की सचिव नुकुल यादव ने बताया कि आज से मंडी में बाजरे की आवक शुरू हो गई है। पहले दिन 22 किसानों के गेटपास काटे गए हैं। मंडी में किसानों आने के मद्देनजर सभी तैयारियां पूरी हैं।

## भाजपा की जिला उपाध्यक्ष ने ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव निवाजनगर की पूर्व सरपंच एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष माया देवी की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि राजस्थान के नीमकाथाना के पास डाबला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के सामने कूदकर उसने आत्महत्या की है। सूचना मिलने पर वीरवार परिजन शव को नीमकाथाना अस्पताल से लेकर देर शाम गांव पहुंचे और अंतिम संस्कार किया गया। गांव निवाजनगर की पूर्व सरपंच माया सैनी ने बुधवार राजस्थान के नीमकाथाना पर रेवाड़ी-फुलेरा रेललाइन के डाबला स्टेशन पर डीएफसीसी रेलवे लाइन पर मालगाड़ी के सामने खड़े होकर आत्महत्या कर ली थी। मालागड़ी के लोको पायलट मुकेश मीणा व असिस्टेंट लोको पायलट रमेश कुमार मीणा ने बताया कि रेवाड़ी जा रही मालगाड़ी के सामने अचानक एक महिला दोनों हाथ फैलाकर पटरी पर खड़ी हो गई। उन्होंने बार-बार हॉर्न बजाया महिला नहीं हटी व गाड़ी की रफ्तार इमरजेंसी ब्रेक भी लगाए, लेकिन तेज होने के कारण उसकी मौत हो गई।



- माया देवी की मौत की वजह पर संशय

### सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थी मृतका की पोस्ट

इस घटना के बाद डाबला जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल नीमकाथाना की मोर्चरी में रखवाया। जिसके बाद पुलिस ने सोशल मीडिया पर मृतक महिला की फोटो वायरल कर उसकी पहचान की अपील की थी। मृतका की पोस्ट नारनौल के सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थी। जिसके बाद उसकी पहचान नारनौल के पास निवाजनगर गांव निवासी पूर्व सरपंच माया देवी के रूप में हुई। वह भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष थी। चर्चा है कि बुधवार को उनके पति मुकेश का जन्मदिन भी था और वह पति को जन्मदिन की बधाई देकर घर से बहन के घर जाने के लिए निकली थी।

### रेडक्रास की नहीं मिल रही डोमिसाइल व कामन मैरिड वूमेन फाइल

**मंडी अटेली।** रेडक्रॉस की ओर से हरियाणा डोमिसाइल व कामन मैरिड वूमैन की फाइल नहीं आने से अटेली तहसील के निवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रेडक्रास सोसायटी की ओर से फार्म के साथ 20 रुपये की कीमत निर्धारित की हुई फाइल नहीं मिलने के कारण कुछ दुकानदार व सीएचसी संचालक दोगुने रेट से भी ज्यादा में बेच रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ करने पर एकाएक हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए तहसील में प्रमाण पत्र की फाइल लेने वालों की भीड़ लगी हुई है। इसके अलावा सीएचसी संचालक भी मनमाने रेट ले रहे हैं। कायदे से सीएचसी संचालक 30 से 50 रुपये ही ले सकते हैं, लेकिन डोमिसाइल, जाति प्रमाण पत्र व दूसरे दस्तावेज बनवाने के लिए मोटी राशि वसूल रहे हैं। तहसील में अंत्योदय सरल केंद्र का ऑपरेटर भी पिछले छह माह से नहीं होने से काफी परेशानी बनी हुई है। तेजप्रकाश, संतोष देवी, महेश कुमार, महाबीर, रमेश आदि ने बताया कि जिला प्रशासन अटेली तहसील में रेडक्रास सोसायटी द्वारा आवश्यक फाइल मुहैया कराए।

### भोजावास किए लाडो योजना के आवेदन

**नारनौल।** गांव भोजावास (पड़तल) के अंबेडकर भवन में लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ गांव की सरपंच ओमलता तंवर की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर कनीना ब्लॉक से अधिकारी, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर, ग्रामीण सफाई कर्मचारी एवं आसपास के गांव की महिलाएं मौजूद रही। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि पवन तंवर, मुकेश पंच, धर्मवीर स्वामी, पंचायत सचिव विकास कुमार, रमेश पंच, अशोक पंच, संतोष कुमार, ओमलता, माया, सीमा, ऊषा देवी, मीना, बिंदु देवी, राजेश देवी, सुशीला व आरती मौजूद रहे।

## पंचायत समिति की 39 दुकानों को तोड़ने की थी योजना

# स्वास्थ्य मंत्री बनी दुकानदारों की ढाल, दीपावली तक मिली राहत

*▶▶ अब दीपावली के बाद होगी कब्जा कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

कनीना में पंचायत समिति की जगह पर बनी 154 दुकानों पर मंडराए खतरे के बादल अभी खत्म नहीं हुए हैं, बल्कि दीपावली के त्योहार तक टल गए हैं। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की पुत्री एवं प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दुकानदारों की ढाल बनकर जिला प्रशासन से बात की। इनके कहने पर अधिकारियों ने दुकानदारों की अर्जी स्वीकार की। अन्यथा वीरवार को पहले चरण में 39 दुकानों पर पीला पंजा चलना था। इस कार्य के लिए कनीना उपमंडल प्रशासन की ओर से तमाम बंदोबस्त पूरे कर लिए गए थे। सुबह सवेरे फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस व टैंकर आदि ने अपना मोर्चा संभाल लिया था। जिसे देखकर दुकानदार घबरा गए थे, लेकिन ज्यों ही उन्हें बुधवार रात्रि जिला प्रशासन के साथ हुई आरती राव की बातचीत का मालुम हुआ, तो कुछ हद तक राहत महसूस की।

आरती सिंह राव ने जिला प्रशासन को दुकान खाली कराने के लिए दीपावली तक ढील देने की बात कही थी। माना जा रहा है कि कनीना में पंचायत समिति की 154 दुकानें संचालित हैं। जिन पर हजारों व्यक्ति आश्रित हैं। दुकानें टूटने को लेकर उनकी रोटी रोजी पर संकट के बादल मंडराए हुए हैं। दुकानदारों ने प्रशासन से दुकान बचाने या अन्यत्र स्थानांतरित करने की गुहार लगाई है।



हरिभूमि

बीडीपीओ ने दुकानदारों को दी अंतिम चेतावनी

दुकानों पर आश्रित व्यक्तियों के स... खड़ा हुआ रोजी-रोजी का संक...

कनीना। 25 सितंबर को प्रकाशित समाचार।

### दुकानदारों को दो नोटिस जारी

दूसरी ओर 23 मार्च 2022 को शिलान्यास किए गए कनीना के लघु सचिवालय के भवन को तैयार करने के लिए 18 माह की समय सीमा निर्धारित की गई थी, लेकिन करीब 40 माह का समय बीतने के बाद अब भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जिसका रास्ता मुख्य मार्ग से नहीं होने के कारण उद्घाटन का समय आगे खींचा जा रहा है। कनीना-महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग के साथ उत्तर दिशा में पंचायत समिति की जमीन पर बनी 39 दुकानों को हटाने के लिए पंचायत समिति कार्यकारी अधिकारी नवदीप कुमार की ओर से दुकानदारों को दो नोटिस जारी किए गए थे, जिनकी समय अवधि सप्ताह भर पूरी हो चुकी है। उन्होंने बुधवार सायं दुकानदारों के पास जाकर दुकान खाली करने के निर्देश दिए थे।






बच्चो, दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व है। इस दिन श्रीराम ने अत्याचारी रावण का अंत किया था। दशहरे पर लोग बुराइयों के प्रतीक रावण का पुतला जलाकर अच्छाइयों के प्रतीक श्रीराम की विजय का उत्सव मनाते हैं, संकल्प लेते हैं कि वे अपने भीतर की बुराइयों का अंत करके सद्गुणों को अपनाएंगे।

# दशहरा
## अच्छाइयों की जीत का संकल्प

पर्व संदेश
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, हमारे त्योहार जीवन को संवारने वाली कोई ना कोई सीख देते हैं। दशहरे का पर्व हमें हर तरह की बुराई से बचने की शिक्षा देता है। बच्चो, यह त्योहार भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय पाने की याद में एक उत्सव की तरह मनाया जाता है। दशहरे का पर्व हमें अपने भीतर बैठी बुराइयों को त्यागने का संदेश देता है। बुराई पर अच्छाई की जीत का पाठ पढ़ाता है दशहरा।



**मन में बैठी बुराइयों को निकालो:** बच्चो, मन में बैठी बुराई का रंग-रूप किसी डरावने राक्षस जैसा नहीं होता। हमारे भीतर रहने वाली कोई भी बुराई, सिर पर सींग या भयभीत करने वाले अट्टहास के साथ हमारे आस-पास घूमते किसी दानव जैसी नहीं होती। मन में बसने वाली बुराइयां असल में हमारी सोच की नकारात्मक दिशा होती है, जिससे न सिर्फ सब कुछ नकारात्मक लगने लगता है बल्कि हम खुद भी गलत सोच के जाल में फंस जाते हैं। बुरा सोचने लगते हैं। बुरा बोलने लगते हैं। जैसे दूसरों का अपमान करना, किसी के साथ ऊंच-नीच का व्यवहार करना और अपने सहपाठी, मित्र, रिश्तेदारों या आस-पड़ोस के लोगों को छोटा समझना। अपने मित्रों की अच्छी बातों को लेकर ईर्ष्या करना या खुद को खास समझने का ईगो पाल लेना। देखने में तो ये बुराइयां बहुत छोटी लगती हैं, लेकिन ये हमारा पूरा व्यक्तित्व दिशाहीन कर देती हैं। बच्चो, बहुत साधारण सी लगने वाली मन में बैठी बुराइयां हमारी सहजता छीन लेती हैं। किसी से निःस्वार्थ दोस्ती करने और साथ देने के भाव को खत्म कर स्वार्थी बना देती हैं। ऐसे में मन की इन बुराइयों को दूर करना, अपने जीवन को संवारने की सकारात्मक समझ देता है।


**नकारात्मक व्यवहार से बचो:** दशहरे का त्योहार अपने व्यवहार में जगह बना लेने वाली बुराइयों को पहचानने और उनमें सुधार करने का भी संदेश देता है। यह त्योहार भगवान श्रीराम के विनम्र और मर्यादित व्यवहार की जीत का भी उत्सव है। रावण के व्यवहार में बसे अहंकार की हार के माध्यम से हमारे लिए अपने व्यवहार को परखने का संदेश लेकर आता है। विनम्र व्यवहार व्यक्ति को समानता के भाव से जोड़ता है। प्रभु श्रीराम ने स्वयं एक वीर योद्धा होकर भी बिना किसी भेदभाव के वानरों को अपनी सेना में शामिल किया। यह बात सिखाती है कि जीवन में किसी की भी अहमियत कम नहीं है। दूसरों को कमतर मानने का व्यवहार नहीं अपनाना चाहिए। साथ ही दोस्ती की ताकत को भी कभी कम नहीं आंकना चाहिए। बच्चो, प्रभु श्रीराम का व्यवहार हमें बड़ों का सम्मान करना भी सिखाता है। अपने गुरुजनों को मान देने, शांति से अपना काम करने और कठिन वक्त में धैर्य रखने का व्यवहार भी उनसे सीखा जा सकता है।



**दूर करो जीवनशैली की बुराइयां:** बच्चो, बहुत सी बुराइयां मन में ही नहीं, हमारे जीवन में भी आ धमकती हैं। आलस, गुस्सा, गलत फूड हैबिट्स और स्क्रीन स्क्रॉलिंग की आदत। ये सब भी बुराइयां ही तो हैं। समझना यह है कि शारीरिक रोग हों या मानसिक भटकाव, बहुत सी परेशानियां हमारी गलत जीवनशैली की वजह से ही पैदा होती हैं। इसीलिए शारीरिक रूप से सक्रिय रहना चाहिए। तुम भी मन के मोटिवेशन वाले हथियार से जीवनशैली की इन बुराइयों से लड़ने और उसे हराने की ठानो। सही रुटीन बनाकर अपनी गलत आदतों को सुधारने के रास्ते पर चल पड़ो। स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर गलत आदतों से दूर रहने का दृढ़ संकल्प लो।

**प्यार और सद्गुणों के अस्त्र-शस्त्र थामो:** दशहरे के पर्व को विजयादशमी भी कहा जाता है। इस दिन मां दुर्गा और भगवान श्रीराम के पूजन के साथ ही शस्त्र पूजा की भी परंपरा है। अब समय बदल गया है, लेकिन शस्त्र पूजन का रिवाज निभाया जाता है। प्यारे बच्चो, जीवन के संघर्ष में तुम भी प्यार और सद्गुणों के अस्त्र-शस्त्र थामे रहो। याद रखो, स्नेह और सम्मान से सबका दिल जीता जा सकता है। अच्छे गुण जिंदगी के हर फ्रंट पर विजय दिलाते हैं। जैसे प्रभु श्रीराम ने पूरी योजना बनाकर युद्ध लड़ा और जीता, वैसे ही आलस छोड़कर एक योजना के साथ पढ़ाई करके परीक्षा में अच्छे अंक पाए जा सकते हैं। खेल की ट्रॉफी अपने नाम की जा सकती है। कुछ नया सीखा जा सकता है। बच्चो, भगवान राम के समान ही विनम्रता, दयालुता, मित्रता और निश्छलता जैसे सद्गुण अपनाने से तुम्हें मुश्किल से मुश्किल परिस्थिति में भी जीत ही मिलेगी। चुनौती चाहे जैसी हो, प्यार और अच्छे गुणों के अस्त्र-शस्त्र सदा विजयी ही बनाते हैं। *

### याद रखो बापू की भी सीख




बच्चो, इस बार दशहरा 2 अक्टूबर यानी गांधी जयंती के दिन पड़ रहा है। महात्मा गांधी ने अहिंसा और सद्भावना को हर बुराई से लड़ने का अस्त्र बनाया। उन्होंने जीवन की बेहतरी के लिए अनुशासित दिनचर्या को भी बहुत जरूरी बताया। उनका मानना था कि अच्छी और सधी लाइफस्टाइल अपने लिए ही नहीं अपने देश की उन्नति के लिए भी आवश्यक है। बापू हमेशा सच बोलने और दूसरों को बदलने के बजाय अपने आप में बदलाव लाने के समर्थक थे। उनका कहना था कि भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं? प्यारे बच्चो, दशहरे के इस पर्व पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से मिली हर सीख को मन से अपनाने की सोचो। साथ ही महात्मा गांधी को उनके जन्मदिन पर याद करते हुए उनके भी विचारों को फॉलो कर अच्छी और सच्ची बातों को जिंदगी में उतारने का प्रयास करो।

# महात्मा गांधी ने किया था कई आंदोलनों का नेतृत्व

हमारे देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाने में महात्मा गांधी का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने अहिंसा और सत्याग्रह को ब्रिटिश राज के विरुद्ध संघर्ष में अपना हथियार बनाया। बच्चो, देश की आजादी के लिए गांधी जी के नेतृत्व में हुए कुछ प्रमुख आंदोलनों के बारे में जानो।

जानकारी
हर्ष रमेश



बच्चो, महात्मा गांधी ने देश की आजादी में अपना तन-मन पूरी तरह न्योछावर कर दिया था। ब्रिटिश राज के दौरान उन्होंने अपने आंदोलनों के माध्यम से अंग्रेजों द्वारा लाए गए कई अन्यायपूर्ण और दमनकारी कानून खत्म करवाए। साथ ही उन्होंने देश की आजादी के लिए हुए कई महत्वपूर्ण आंदोलनों का नेतृत्व भी किया, जो देश की आजादी की राह में महत्वपूर्ण कदम थे।

**चंपारण सत्याग्रह:** महात्मा गांधी ने 1917 में बिहार के चंपारण में सत्याग्रह शुरू किया था। उस समय चंपारण में किसानों को अपनी जमीन के एक हिस्से में नील की खेती करना अंग्रेजों ने अनिवार्य बना दिया था। इससे जमीन की उर्वरता कम हो जाती थी। खेती/पैदावार कम होने पर भी किसानों पर तरह-तरह के टैक्स लगा दिए जाते थे। गांधी जी ने अपने इस आंदोलन के जरिए नील की खेती करने वाले किसानों को अंग्रेजों के शोषण से मुक्त करवाया। यह भारत में उनका पहला नागरिक अवज्ञा आंदोलन था।



**असहयोग आंदोलन:** गांधी जी द्वारा 1920 में शुरू किया गया असहयोग आंदोलन, देशव्यापी स्तर पर पहला जन आंदोलन था। इसमें समाज के हर वर्ग ने हिस्सा लिया था। इस आंदोलन में गांधीजी ने लोगों से सरकार के किसी भी काम में शांतिपूर्ण तरीके से असहयोग करने का आह्वान किया था। इस आंदोलन में ब्रिटिश वस्तुओं, सेवाओं और संस्थानों का शांतिपूर्ण ढंग से बहिष्कार किया गया। असहयोग आंदोलन के जरिए भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा मिली।

**नमक सत्याग्रह और सविनय अवज्ञा आंदोलन:** अंग्रेजों ने नमक पर टैक्स लगाने वाला कानून बना दिया था। इसके कारण नमक काफी महंगा हो गया था। नमक पर टैक्स गरीबों के साथ अन्याय था। 1930 ई. में गांधीजी ने इस टैक्स के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया। उन्होंने अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से समुद्रतटीय गांव दांडी तक पैदल मार्च किया। इसे दांडी मार्च के नाम से भी जाना जाता है। दांडी पहुंचकर उन्होंने नमक हाथ में लेकर नमक विरोधी कानून तोड़ने का आह्वान किया। इसके साथ ही सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत हुई, जिसमें बिना किसी हिंसा या उग्रता के अंग्रेजी सरकार एवं उसकी नीतियों का विरोध किया गया।

**भारत छोड़ो आंदोलन:** 8 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई। देश की आजादी के लिए हुए इस महत्वपूर्ण आंदोलन का नेतृत्व भी महात्मा गांधी ने ही किया था। आंदोलन का उद्देश्य अंग्रेजी हुकूमत को पूरी तरह समाप्त करना था। इस आंदोलन को अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इसी आंदोलन के दौरान गांधी जी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। इस आंदोलन के बाद अंग्रेजों को इस बात का अहसास हो गया कि अब भारत को अधिक समय तक गुलाम नहीं रखा जा सकता।

इन आंदोलनों के अतिरिक्त अहमदाबाद मिल हड़ताल, खेड़ा आंदोलन जैसे कई आंदोलनों का नेतृत्व भी महात्मा गांधी ने किया था। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पर्व दशहरा



रावण था विद्वान बहुत,
धनवान बहुत, बलवान बहुत,
लेकिन उसमें एक कमी थी,
वह स्वभाव से क्रूर था।
थी उसकी सोने की लंका,
नाम का उसके बजता डंका,
निज ताकत को लेकर उसमें,
अहंकार भरपूर था।
दंभ से वह इतना भर आया,
छल से सीता को हर लाया,
दुष्ट दशानन आखिर अपनी,
आदत से मजबूर था।
गलत नतीजा, गलत काम का,
पर्व दशहरा इसी नाम का,
सत्य की ताकत के आगे,
बल-छल चकनाचूर था।

## हंसगुल्ले

चिंटू : फाइव के बाद क्या आता है?
मिंटू : जीरो।
चिंटू : अरे! ऐसा कहां आता है?
मिंटू : फैन के रेग्युलेटर में।
-साान्या, रायपुर

डॉक्टर : मैंने तुम्हें जो दवाई दी थी, उससे तुम्हें फायदा हुआ?
मोनू : नहीं डॉक्टर अंकल, मैंने दवाई ली ही नहीं।
डॉक्टर : क्यों?
मोनू : क्योंकि दवा की शीशी पर लिखा था, इसे हमेशा बंद रखें। इसलिए मैंने शीशी खोली ही नहीं।
-जयेश, रोहतक

मोनू : यार, ये गूगल किसी काम का नहीं!
सोनू : क्यों, क्या हुआ?
मोनू : क्या फायदा ऐसे गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आने वाले हैं।
-प्रियांश, बिलासपुर

टीचर : खरगोश और कछुए की कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?
रिया : सर, यही कि रेस भले ही हार जाओ, पर नींद पूरी होनी चाहिए।
-अंकेश, भोपाल

## जीके क्विज-172



1. हाल ही में किस फिल्म अभिनेता को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
2. साल 2025 का यूएस ओपन टेनिस एकल खिताब किसने जीता?
3. अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस कब मनाया जाता है?
4. गांधीजी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?
5. गांधीजी को 'महात्मा' की उपाधि किसने दी थी?
6. गांधी जी के नेतृत्व में भारत में पहला आंदोलन कौन-सा हुआ था?
7. महात्मा गांधी ने किस आंदोलन के दौरान 'करो या मरो' का नारा दिया था?
8. गांधीजी ने भारत छोड़ो आंदोलन किस वर्ष आरंभ किया था?
9. ब्रिटिश काल में प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'यंग इंडिया' के संपादक कौन थे?
10. 'जय जवान जय किसान' का नारा किसने दिया था?

बच्चों, जीके क्विज-172 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-171 का उत्तर :** 1 चीन, 2.सेबेस्टियन लेकोर्नु, 3.अश्विनी वैष्णव, 4.केरल, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.पामीर का पठार, 7.विटामिन बी और विटामिन सी, 8.केराटिन, 9.जोधपुर, 10.मत्स्य पालन

**जीके क्विज-171 का सही उत्तर देने वाले :** अरुण-भिलाई, लोकेश-मटियारी, हर्षित-रायपुर, दीपक-महासमुंद, कोमल-बिलासपुर, राहुल-ईमेल से, कबीर-हिसार, भावेश-ईमेल से, रितेश-दुर्ग, सुमित-रोहतक, अंकिता-बलौदा बाजार



कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

इस बार गांधी जयंती-विजयादशमी का पर्व एक ही दिन पड़ रहा है। स्कूल में बच्चों को रामलीला से जुड़े नाटक के लिए डायलॉग स्वयं लिखने थे। हनुमान की भूमिका कर रहे ललित ने जब अपने डायलॉग बोले तो चौहान सर ने अभिनय और डायलॉग जोरदार होने के बाद भी उसकी प्रशंसा नहीं की। ऐसा उन्होंने क्यों किया?

## रिहर्सल



महाराज रावण! यह अंतिम चेतावनी है। नहीं तो मरने के लिए तैयार रहो। मैं स्वयं भी तुम्हें मृत्यु दंड देने की शक्ति रखता हूं किंतु मुझे श्रीराम की आज्ञा नहीं है।' स्कूल में 'बाल रामलीला' का रिहर्सल चल रहा था। ललित, हनुमान का रोल कर रहा था। उसने जैसे ही यह डायलॉग बोला। तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा।

देर तक 'गुड! गुड! वेरी गुड!' की आवाजें आती रहीं। ललित फूला नहीं समा रहा था। वह आगे बोलने चला, लेकिन चौहान सर ने उसे रोक दिया। लग रहा था, वे उसकी इस प्रस्तुति से संतुष्ट नहीं हैं। लेकिन क्यों...? डायलॉग तो गजब का था और उसकी डिलीवरी भी। कितने अच्छे से, पूरे हाव-भाव से उसने यह संवाद बोला था।

स्कूल के सारे सांस्कृतिक कार्यक्रम चौहान सर ही देखते हैं। वह बहुत मेहनत करते हैं। हर बार नए से नए प्रयोग भी। इस बार तो गांधी जयंती और विजयादशमी का पर्व एक ही दिन पड़ रहा है, इसलिए यह बात भी उठी कि गांधी जयंती मनाई भी जाएगी या नहीं? लेकिन प्रिंसिपल सर ने असेंबली में स्पष्ट कर दिया था कि गांधी जयंती तो अवश्य मनाई जाएगी। और हां, इस बार बच्चों के द्वारा रामलीला से जुड़ा कोई छोटा-सा नाटक भी होना चाहिए।

चौहान सर 'लंका दहन' के प्रसंग पर नाटक तैयार करा रहे थे। बच्चों को नाटक की कहानी सुनाई और समझाई। रोल सौंप दिए। एक शर्त रखी कि इस बार संवाद बच्चे खुद लिखकर लाएंगे। कोई नकल नहीं की जाएगी।

सूरज लंबा-तड़ंगा था। वह रावण के रोल में फब रहा था, लेकिन उसके डायलॉग बिल्कुल अच्छे नहीं थे। वैसे उसने सर को बता दिया था, 'मैंने बहुत कोशिश की, लेकिन डायलॉग नहीं बना पाया।' सर उसके सच बोलने से बहुत खुश हुए। हंसते हुए बोले भी, 'मैंने नाहक ही तुम्हें रावण बना दिया। तुम्हें तो गांधी जी का रोल करना चाहिए था। दरअसल, संवाद बोलना और लिखना दोनों ही एक कला है। ज्यादातर संवाद लिखता तो कोई और है, लेकिन अभिनय कोई और करता है। कम ही अभिनेता ऐसे होते हैं, जो खुद संवाद लिख पाते हैं।' सर ने यह भी कहा, 'परेशान न हो। मैं तुम्हें संवाद लिखकर दे दूंगा।' लेकिन हनुमान बने ललित के द्वारा इतने अच्छे संवाद के बाद भी चौहान सर का उसे रोक देने का कारण समझ में नहीं आया।

सर कुछ अनमने से थे। उन्होंने ललित से पूछा, 'सच-सच बताओ, यह संवाद तुमने खुद ही लिखा है?'

'जी स....र। मैं...ने ही... मैं...ने ही...।' ललित के स्वर में हकलाहट थी। माथे पर पसीने की बूंदें भी। जैसे उसकी कोई चोरी पकड़ी गई हो। सर ने फिर से पूछा, 'तुमने ही लिखा है न?' तो ललित ने धीमे से स्पष्ट किया, 'सर! थोड़ी सी मदद इंटरनेट और एआई की भी ली है।'

सर बोले, 'थोड़ी सी ...मदद नहीं, यह डायलॉग तो पूरा ही 'रामायण' सीरियल का है।'


ललित चौंककर रह गया। वास्तव में ललित ने एक बार भी नहीं सोचा था कि उसकी यह चोरी, जिसे वह होशियारी समझ रहा था, सर इतनी आसानी से पकड़ लेंगे।

चौहान सर ने समझाया, 'बेटे! यह नाटक गांधी जयंती के दिन खेला जाएगा। गांधी जी कभी झूठ नहीं बोलते थे। तुम हनुमान का रोल कर रहे हो। हनुमान जी तो बुद्धि और विवेक के निधान कहे जाते हैं। तुमने संवाद लिखने में अपनी बुद्धि का प्रयोग क्यों नहीं किया?' थोड़ा रुककर सर आगे बोले, 'एआई तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नाम है। एआई तुम्हें जो भी मैटर देगा, वह हूबहू असल जैसा कभी नहीं हो सकता। एकदम मौलिक दृष्टि तो अपनी ही बुद्धि से संभव है। तुमने इंटरनेट पर हनुमान का डायलॉग मांगा, उसने पुराना डायलॉग तुम्हारे सामने रख दिया। और तुम व्यर्थ में ही झूठे बन गए। बेटे, मैं समझता हूं कि यह तुम्हारी पहली और आखिरी गलती होगी।' चौहान सर बच्चों को देखते हुए आगे बोले, 'रावण बने सूरज का डायलॉग भले ही ज्यादा अच्छा नहीं हो पाया, लेकिन उसने सच का साथ नहीं छोड़ा। यही असली गांधी जयंती मनाना है।'

ललित यह सुनकर रो पड़ा। वह बोला, 'बस दस मिनट का समय दीजिए सर। मैं अभी खुद संवाद लिखकर दिखाऊंगा।'

सारे बच्चों की फिर से जोरदार तालियां बज उठीं। *

कविता
डॉ. करुणा पांडेय



## बापू

बापू तुम महान हो।
इस देश की शान हो।
तुमने देश का मान बढ़ाया,
आजादी का बिगुल बजाया,
सत्य धर्म का मार्ग दिखाया।
राज धर्म का मर्म बताया
तुम हमारी आन हो,
बापू तुम महान हो।
खादी को तुम खुद बुनते थे
पैदल ही यात्रा करते थे,
तेरी इक हुंकार पे बापू
सब जन पीछे चल पड़ते थे
तुम सुरों की तान हो,
बापू तुम महान हो।
इस जग में तुम जैसा बापू,
अब तक हमको नहीं मिला,
अपना सारा जीवन तुमने,
वतन की खातिर लुटा दिया।
निज वतन का मान हो
बापू तुम महान हो।।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दशहरे के अवसर पर होने वाले रावण वध से संबंधित दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।



उत्तर: 1. बीच में रावण के माथे पर तिलक नहीं लगा है। 2.रावण के दस के बजाय नौ सिर हैं। 3.राम बनकर रावण वध कर रहे लड़के की दोनों आंखें खुली हुई हैं। 4.बीच में खड़े लड़के के कुर्ते पर सिलवटें नहीं है। 5.दाहिनी तरफ खड़ी लड़की की ड्रेस का कलर ब्लू है।

रोचक-ज्ञानवर्धक किताब / सुरेंद्र विक्रम

## सूरज का बिल आ जाए तो!



बच्चो, तुम्हारे घर में पंखा, टीवी, फ्रिज, ट्यूब लाइट जैसे कई ऐसे उपकरण होंगे, जो बिजली से चलते हैं। तुमने देखा होगा इन उपकरणों से जितनी बिजली खर्च होती है, उसका बिल हर महीने आता है, जिसका पेमेंट पापा करते हैं। लेकिन सोचो अगर, हर रोज इतनी रोशनी और ऊर्जा हम सभी को देने वाला सूरज अपना बिल भेज दे तो क्या होगा! किताब 'सूरज का बिल' में यही कहानी रोचक तरीके से पेश की गई है। मजा तो तब आता है, जब सूरज, धरती पर रहने वाले इंसानों और चंद्रमा से बिल वसूलना चाहता है, उसी समय सूरज के चारों ओर परिक्रमा करने वाले ग्रह, नक्षत्र सूरज को अपना बिल देने की योजना बनाने लगते हैं। इस रोचक कहानी के अंत में क्या होता है? क्या वास्तव में सूरज का बिल धरती वालों को देना पड़ता है? यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी पड़ेगी। अच्छी बात है कि रोचकता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी इस कहानी में दिया गया है। *

**पुस्तक:** सूरज का बिल, **लेखक:** गोविंद शर्मा, **चित्रांकन:** धीरज सोमबासी, **मूल्य:** 60 रुपए, **प्रकाशक:** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत

## खबर संक्षेप

### भगवान सूर्यनारायण देव मंदिर से निकलेगा डोला

**नारनौल।** हर वर्ष की भांति दशहरा पर्व पर दो अक्टूबर को भगवान श्रीसूर्यनारायण के डोले का भव्य जुलूस निकाला जाएगा। यह भव्य जुलूस दोपहर दो बजे मोहल्ला धोलियान से स्थित प्राचीन भगवान सूर्यनारायण के मंदिर से उत्साह और उल्लास के साथ निकाला जाएगा। भगवान सूर्यनारायण मंदिर के महंत चंद्र स्वरुप शर्मा ने बताया कि मोहल्ला धोलियान छत्ते के पास से शुरू होगा।

### सेवा पर्व के तहत चलाया सफाई अभियान

**नारनौल।** मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक उमेद सिंह दहिया की अगुवाई में वीरवार को पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर में सेवा पर्व के तहत संस्थान परिसर के अन्दर व बाहर सफाई अभियान चलाया। इसमें संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### शिविर में 27 लोगों ने किया रक्तदान

**नारनौल।** सेवा पखवाड़ा के तहत समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए पुलिस ने पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का एक प्रेरणादायक पहलू एसआई गोविंद का योगदान रहा। 55 वर्ष की आयु में भी उन्होंने युवाओं से कंधे से कंधा मिलाया स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस नेक कार्य के परिणामस्वरूप कुल 27 पुलिस कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

### स्वच्छता अपनाएं स्वस्थ जीवन पाएं: विधायक

**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका की ओर से सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत अटेली मोड से सब्जी मंडी तक स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव व नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी रहे। कार्यक्रम में विधायक कंवर सिंह यादव ने स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई की शुरुआत की तथा लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

## श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाड़ा की ओर से आयोजित हुआ मंचन

# राम के वनवास गमन की बात सुन राजा दशरथ हुए अचेत

रानी कैकेयी महाराज दशरथ से रूष्ट होकर कोपभवन में जाकर कोहराम मचाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाड़ा की ओर से आयोजित रामलीला मंचन में बुधवार रात्रि कैकेयी कोपभवन व राम वनवास की लीला का मंचन किया गया। रामलीला ट्रस्ट के प्रधान संजय गर्ग ने बताया कि मनोज वर्मा के निर्देशन में मनमोहन सोनी ने दशरथ, बबरूभान ने कैकेयी, दीपक हरित ने राम, विकास चौहान ने सीता, सत्यनारायण वर्मा ने महर्षि वशिष्ठ, दीपक हरित ने दासी मंथरा के किरदारों में अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मुख्यातिथि मुंबई से पधारे महासर माता पर फिल्म बना रहे निर्माता श्रीधर गुप्ता व निर्देशक सनी अग्रवाल ने पर्दा उठाकर रामलीला का शुभारंभ किया। वहीं विशिष्ठ अतिथि रोटरी क्लब से एडवोकेट राजकुमार यादव, गोपाल मित्तल, हिमांशु अग्रवाल, विजय जिंदल, राकेश बंसल, विकास बंसल, पंकज गोयल, मुकेश मित्तल, सारिका गर्ग, सीमा हरित थे। कार्यकारिणी सदस्य अशोक पांडे ने बताया कि लीला में राम के राजतिलक की तैयारियों के बीच महारानी कैकेयी राजा दशरथ से अपने दो वचन मांगती है। तब रानी कैकेयी महाराज दशरथ से रूष्ट होकर कोपभवन में जाकर कोहराम मचाती है। राजा दशरथ कोपभवन में जाकर उनसे इस कोप का कारण पूछते हैं, तब रानी कैकेयी उन्हें दो वचनों की याद दिलाती है।



नारनौल। रामलीला में मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर संरक्षक शिम्भुदयाल गर्ग, संजय गर्ग, मुकेश वालिया, नरेन्द्र जैन, राजेंद्र शर्मा, विष्णु शर्मा, बलवान सैनी, दिनेश भार्गव, बलवंत सैनी, संदीप शुक्ला, सुभाष कौशिक, सोमदेव जांगिड़, नरेश बादल, धनप्रकाश, राजेश चांवरिया, सुभाष आदि मौजूद थे।



### अटेली में चल रही रामलीला में राम विवाह के प्रसंग का हुआ मंचन

**मंडी अटेली।** अटेली के झंडा चौक पर श्री शिव रामलीला समिति के नेतृत्व में चल रही रामलीला में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के भव्य विवाह का मंचन किया गया। इस दौरान झंडा चौक भगवान राम के जयकारों से गूंज उठा। रामलीला में कलाकारों ने राम-सीता विवाह का मंचन में दर्शाया गया कि कैसे सीता स्वयंवर के बाद राजा जनक बारात लाने का आमंत्रण लेकर अपने दूत को अयोध्या भेजते हैं। दूत अयोध्या जाकर राजा दशरथ को सीता-राम के स्वयंवर का संदेश देते हैं। राजा दशरथ के आमंत्रण पर अयोध्या से भगवान राम की बारात हाथी, घोड़े, ढोल ताशे ओर नगाड़ों के साथ धूमधाम से निकली। बारात पहुंचने के बाद भगवान श्रीराम एवं जानकी मां का विवाह विधि पूर्वक कराया जाता है। इस मौके मनोज, सुरेश शर्मा, पपलिया सैनी, उमेश शर्मा, त्रिभुवन शर्मा, घनश्याम सैनी, भव्य गोयल व जोगिंद्र शास्त्री के अलावा बड़ी संख्या में महिला उपस्थित थी।

### राम वनवास संवाद का भावपूर्ण मंचन



**नारनौल।** अनाज मंडी स्थित भगवान नारायण सेवा संस्था के तत्वावधान में श्रीकृष्णा ड्रामेटिक क्लब के मंच पर भगवान श्रीराम लीला मंचन के छठे दिन कोप भवन भाग दो, दशरथ व कैकेयी संवाद की लीला का मंचन किया गया। मंच संचालक भारत भूषण तायल ने किया। रामलीला कमेटी के संरक्षक वेदप्रकाश सैनी ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन कोऑपरेटिव बैंक कोसली रोहतान यादव व नरेंद्र यादव, राजेश यादव बसीरपुर, महीपाल यादव रेवाड़ी व संजय सैनी ने गणेश पूजन कर किया। प्रवक्ता सुरेन्द्र जैन ने बताया कि कोप भवन भाग दो में दशरथ व कैकेयी संवाद की लीला का अभिनय देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

### श्रीमद्भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण-रूकमणी विवाह



**महेंद्रगढ़।** रेलवे रोड स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के छठे दिन भक्ति व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कथा का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण व रूकमणी के विवाह का मनोहारी प्रसंग रहा। वृंदावन धाम से कथा व्यास हित श्याम देव महाराज ने मधुर व संगीतमय शैली में इसका वर्णन किया। इस दौरान श्रीकृष्ण-रूकमणी विवाह की आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की गईं, जिसमें मुस्कान गर्ग ने श्रीकृष्ण व मिस्टी शर्मा ने रूकमणी का रूप धारण किया। पूरे आयोजन के दौरान आचार्य पंडित श्रीकांत लिटौरिया ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की, जिससे वातावरण और भी पवित्र हो गया।

### रामलीला में सीता स्वयंवर की लीला का मंचन



**महेंद्रगढ़।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी के रंगमंच पर गत रात्रि धनुष यज्ञ व सीता स्वयंवर की बेहतरीन लीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेदांता इन्टरनेट स्कूल के चेयरमैन विनोद कुमार यादव व अध्यक्षता खेड़ी तलवाना के सरपंच रामनिवास बंसल ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि रमेश परतापुरिया व पवन तायल रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर लीला की शुरुआत हुई। रामलीला में जनक दरबार से लीला का मंचन हुआ।

# सेवा पखवाड़े के तहत यज्ञ गोष्ठी आयोजित

- शक्ति स्वरुपा धरती मां, प्रकृति मां, जननी मां, गोमाता व कन्या माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वच्छ पर्यावरण स्वस्थ समाजसेवा पखवाड़े के तहत लोकसंस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ व माई भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से हुडा सेक्टर में शारदा देवी के आवास पर 31वीं यज्ञ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित यज्ञ परिवार ने वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां डाली और समवेत स्वर में शक्ति स्वरुपा धरती मां, प्रकृति मां, जननी मां, गोमाता व कन्या माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

यज्ञ संयोजिका डॉ. कृष्णा आर्या ने यज्ञ को सबसे श्रेष्ठ कर्म व ऋषि मुनियों की खोज बताते हुए कहा कि यज्ञ हमें प्रकृति संरक्षण, जल संरक्षण के साथ उस दिव्य शक्ति के साथ जोड़ता है, जो अदृश्य रहकर सृष्टि का संचालन करती है और विविध रूपों में हमारा पालन पोषण करती है। मिथलेश व युगान्ता ने मा की आराधना में तू कितनी सच्ची है कितनी अच्छी है, पालनहारी है, ओ मां भक्ति गीत गाया। योगाचार्या अनीता यादव ने सबको योग का महत्व बताया।



नारनौल। यज्ञ गोष्ठी में भाग लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर डॉ कृष्णा आर्या, यजमान शारदा देवी, संतोष, चमेली देवी, विद्या, सरोज, माया, लक्ष्मी देवी, श्योकरण यादव, चेतन, शकुंतला यादव, मिथलेश, युगान्ता, अनीता, कृष्णा देवी, अमरजीत, संतोष देवी आदि उपस्थित रही।

# विद्यार्थियों को वैदिक दिनचर्या और संस्कार के बारे में बताया

- विजय इंटरनेशनल स्कूल में आध्यात्मिक प्रवचन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

### 108 कुण्डीय यज्ञ में शामिल होने के लिए दिया निमंत्रण

आर्य समाज के तत्वाधान में विजय इंटरनेशनल स्कूल में आध्यात्मिक प्रवचन आयोजित की गई। विद्यालय में प्रातः कालीन सभा के बाद संस्था चेयरमैन विजय यादव टूमना, सचिव महेंद्र सिंह, प्राचार्य नत्थूसिंह व समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में डॉ. विक्रांत डागर व वेदपाल शास्त्री ने विद्यार्थियों को वैदिक दिनचर्या व संस्कार के बारे में बोध कराते हुए अपने माता–पिता व गुरु का सम्मान करने के लिए महर्षि दयानंद गुरु विद्यानंद, महर्षि गौतम आदि ऋषि–मुनियों के दृष्टांत दिए व अंत में 27 सितंबर को आर्य समाज में आयोजित होने वाले महा सम्मेलन में 108 कुण्डीय यज्ञ में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया और विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने बताया कि 28 सितंबर को क्षेत्र 10 विद्यालयों की वैदिक तार्किक प्रतियोगिता में हमारे विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। वेदपाल शास्त्री ने बताया कि संत स्वामी सच्चिनानंद महाराज, प्रियंका, डॉ. कैलाश, डॉ. यशदेव व विधायक कंवर सिंह यादव भी पहुंचगे। प्रिंसिपल नत्थू सिंह ने सभी लोगों का धन्यवाद किया।



महेंद्रगढ़। आध्यात्मिक प्रवचन देती छात्रा। फोटो : हरिभूमि

### अटेली में एक दिन, एक घंटा एकसाथ विशेष श्रमदान किया



मंडी अटेली। सफाई कर्मियों के साथ सफाई करते चेयरमैन व पार्षद। फोटो : हरिभूमि

**मंडी अटेली।** स्वच्छोत्सव के तहत एक दिन, एक घंटा, एकसाथ विशेष श्रमदान अभियान के तहत अटेली कस्बे में वीरवार को नगर पालिका द्वारा सफाई कर्मियों के साथ नपा चेयरमैन संजय गोयल, सचिव, पार्षदों ने झाड़ू चलाकर लोगों को सफाई के प्रति प्रेरित किया। इस अभियान में भाजपा पदाधिकारी व आमजन भी देखे गए। अटेली कस्बे में 17 सितंबर से जोर–शोर से सफाई अभियान चला हुआ है। नपा सचिव प्रशांत पाराशर के नेतृत्व में नपा कर्मियों के भाजपा के पदाधिकारियों के साथ पार्षदों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छता जागरूकता अभियान कस्बे के नये बस स्टैंड के पास चौराहे के समीप से शुरू हुआ। नपा चेयरमैन संजय गोयल ने कहा कि जिस स्थान पर साफ-सफाई रहेगी।

- अतिक्रमण मुक्त होने से अटेली कस्बा अब दिखाई देने लगा है साफ

देवीलाल की 112वीं जयंती मनाई

### जेजेपी कार्यकर्ताओं ने पूर्व उप प्रधानमंत्री देवीलाल को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 112वीं जयंती के उपलक्ष्य पर निजामपुर चौक पर उनकी मूर्ति पर जेजेपी कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं पहनकर उनको नमन किया। जेजेपी जिला अध्यक्ष राजकुमार खातोद के नेतृत्व में हलका नांगल चौधरी के कार्यकर्ताओं ने उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए।

राजकुमार खातोद ने कहा कि चौधरी देवलाल ने सदा गरीबों व किसानों की लड़ाई लड़ी। देश की आजाद के आंदोलन से लेकर देश के उप प्रधानमंत्री पद तक का उन्होंने लंबा सफर तय किया। 1989 में जब केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी, तो हरियाणा के ताऊ बनने के लिए प्रधानमंत्री की कुर्सी तक छोड़ दी थी। हर खेत को पानी, हर हाथ को काम, हर तन को कपड़ा, हर सर पर मकान, हर के पेट में रोटी बाकी बात खोटी यह बोल चौधरी देवीलाल के थे, जो हरियाणा व पूरे देश में मशहूर हुए। तख्त बदल दो ताज बदल दो बेइमानों का राज बदल दो, 1989 के चुनाव में चौधरी देवीलाल का यह नारा भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता की आवाज बना था। उनकी ओर से किए गए नेक कार्यों के कारण जनता ने उनको जननायक के नाम की उपाधि दी। इस मौके पर महेंद्र सिंह बडेसरा, अमर सिंह ब्रह्मचारी, विनोद भील, प्रमोद ताखर, सोनिया धनखड़, विजयपाल अधिवक्ता, रामकुमार मक्सूसपुर, हरचंद मास्टर, पूर्व सरपंच देशराम, महावीर छिलरो, वीरेंद्र घटाशेर, वीरेंद्र बनियाड़ी, राजकुमार जांगड़ा, नगर पार्षद संदीप, महेन्द्र खन्ना, माडूराम, सरपंच लीलाराम कालबा, रोहतास रावत, डॉ. करण सिंह सिहाग, जोगिंद्र निजामपुर, रणवीर छिलरो, जगदीश शर्मा, सत्यवीर नापला, शेरसिंह जांगड़ा आदि मौजूद थे।

- चौधरी देवलाल ने सदा गरीबों व किसानों की लड़ाई लड़ी



नारनौल। पूर्व उप प्रधानमंत्री चौ. देवीलाल को नमन करते जेजपी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### एलएन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

**महेंद्रगढ़।** माधोगढ़ स्थित एलएन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में वीरवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया, जिसका विषय इस वर्ष थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट है। कॉलेज में इस दिवस को फार्मासिस्टों की भूमिका को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान को पहचानने के लिए मनाया गया। इस दौरान कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान एलएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष राजवीर सिंह, चेयरपर्सन डॉ. अनु यादव तथा कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुनील कुमार ने फार्मासिस्ट की आज के युग में भूमिका और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉक्टर दवाओं से मरीज की जान बचाता है, लेकिन फार्मासिस्ट उन दवाओं में जान डालता है। इस दौरान कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कर्मचारियों और स्थानीय लोग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

- कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

### एआईटी फार्मासिस्ट कॉलेज में प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित



कनीना। कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं।

- हर्बल पौधारोपण से की कार्यक्रम की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर एआईटी फार्मासिस्ट कॉलेज में थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एडवोकेट विनय यादव उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को फार्मासिस्ट की भूमिका व जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर दवाओं से मरीज की जान बचाता है, लेकिन फार्मासिस्ट उन दवाओं में जान डालता है। कार्यक्रम की शुरुआत हर्बल पौधारोपण से की गई, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पारंपरिक औषधीय पद्धतियों को प्रोत्साहित करना था।

इसके पश्चात कॉलेज परिसर में रंगोली निर्माण, पोस्टर एवं चार्ट मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा फार्मेसी से जुड़े सामाजिक व स्वास्थ्य विषयों को अपनी रचनात्मकता से प्रस्तुत किया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर रामभगत (गुरुजी), डॉ. बिजेंद्र यादव, प्रियंका यादव, नवनीत सुलतानिया, कपिल कुमार, नवीन व निशु आदि उपस्थित रहे।

### सीएलसी में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



नारनौल। नारनौल। विद्यार्थियों को जागयक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** सीएलसी में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में पुलिस थाना अधिकारी अजीत सिहं व उनके सहयोगी जितेंद, महेश ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। पुलिस अधिकारी ने छात्रों को बताया कि आज कल साइबर अपराधी सोशल मीडिया, फर्जी कॉल, अनजान लिंक व ओटीपी जैसे माध्यमों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना पासवर्ड, ओटीपी या निजी जानकारी किसी के साथ शेयर न करें। कार्यक्रम में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी। सीएलसी निदेशक नरेन्द्र सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में बच्चों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने सभी छात्रों से अपील की कि वे जागरूक रहें और दूसरों को भी जानकारी दें।

# एचपीएस में हुआ इंटर स्कूल हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वीरवार को बिगड़ते हुए लिंगानुपात के लिए चिकित्सक समाज जिम्मेदार है या नहीं, विषय पर डॉ. चितरंजन मित्तल स्मृति इंटर स्कूल हिन्दी वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजकुमार शर्मा, पूर्व सीएमओ डॉ. रोहिताश यादव रहे। डॉ. मनमोहन रावत, डॉ. रामनिवास मानव, डॉ. दीपक सिंघल विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता विदुषी मित्तल ने की।

विद्यालय की एमडी निधि वर्मा व निदेशक पुष्करमल वर्मा ने मुख्य अतिथि के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में शहर के 12 विद्यालयों से दो–दो विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका डॉ. जितेंद्र भारद्वाज, दलजीत शास्त्री व संजय शर्मा ने निभाई। इस अवसर पर डॉ. मित्तल के भाई हितेंद्र मित्तल ने विद्यार्थियों को उनके जीवन व व्यक्तित्व से अवगत कराते हुए कहा कि वे एक प्रतिष्ठित चिकित्सक होने के साथ–साथ हिन्दी भाषा के प्रेमी और बच्चों के हितैषी थे। उनकी स्मृति में यह प्रतियोगिता समाज को गंभीर मुद्दों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। विद्यालय प्राचार्य सुनील यादव व डीन मनोज भारद्वाज ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय एमडी डॉ. हितेश वर्मा, निधि वर्मा व निदेशक पुष्करमल वर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर किया।



नारनौल। विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

*परिणामः प्रथम जानवी यद्धुवंशी स्कूल, द्वितीय स्थान शीतल बीपीएस स्कूल, तृतीय स्थान प्रकृति बीपीएस स्कूल, सांत्वना पुरस्कार खुशबू एचपीएस, तनु आरपीएस, इशिका मित्तल यद्धुवंशी स्कूल, ओवरऑल रनिंग ट्रॉफी बीपीएस स्कूल ने अपने नाम की।*

### चौ. देवीलाल की जीवनी से जनसेवा की मिलती रहेगी प्रेरणा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निजामपुर

कांग्रेस की विधायक मंजू चौधरी ने पूर्व उपप्रधानमंत्री चौ. देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान पार्टी के जिला प्रधान सतबीर झूकिया मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को दैनिक दिनचर्या में सामाजिक दायित्वों को शामिल करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि चौ. देवीलाल ने सिद्यांतवादी राजनीति को प्राथमिकता दी थी। उन्होंने शासनकाल में हमेंशा कमेरे व किसान वर्ग को उभारने का काम किया था।किसानों को विभिन्न टैक्सों से निजात दिलाने के साथ बुजुर्गों की पेंशन लागू की थी। प्रदेश में 36 बिरादरी का भाईचारे की भावना से समानता पूर्वक विकास कार्य कराए थे।

निजामपुर। चौ. देवीलाल को पुष्प अर्पित करती विधायक मंजू चौधरी व जिला प्रधान सतबीर झूकिया।

**सार्वजनिक सूचना**

मै ग्यारसी देवी पत्नी सत्यनारायण वासी पटीकरा तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा लडका हंस कुमार व पुत्र वधु नीलम देवी मेरा कोई कहना नहीं मानते है और अपनी मनमर्जी करती है। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### स्टेडियम के मैदान में भरा पानी, परेशानी

**नारनौल।** शहर के एकमात्र खेल स्टेडियम का मैदान आजकल बदहाल स्थिति से गुजर रहा है। मैदान में अब तक न केवल बरसात का पानी भरा हुआ है, बल्कि उसमें मच्छर पनप कर बीमारियां फैलाने का काम कर रहे हैं। इससे आसपास के मोहल्ला के लोगों को परेशानी हो रही है तथा उनमें मच्छरजनित रोग फैलने का डर बना हुआ है। आसपास के लोगों ने स्टेडियम से पानी निकालने एवं दवा छिड़कने की मांग की है।

### बीईओ के डिप्टी डीईओ किए नियुक्त

**महेंद्रगढ़।** कनीना के बलराम समारोह स्थल में खंड के सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों, उच्च विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों एवं प्राथमिक विद्यालयों के प्राचार्यों, डीडीओ, प्रभारियों व मुख्यापकों की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी डा. विश्वेश्वर कौशिक के उप जिला शिक्षा अधिकारी के पद तथा खंड संसाधक संयोजक व स्टेट अवार्डी डा. दिलबाग सिंह के कनीना खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नति होने के उपलक्ष्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहोर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

### मुख्यमंत्री ने पूरा किया वादाः डॉ. अभय सिंह

**नांगल चौधरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के एप का शुभारंभ किया। उप मंडल स्तर पर चौधरी बैजनाथ महिला कॉलेज नांगल चौधरी में पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने इस योजना की लांचिंग की।

### बिशन सैनी बने सैनी महासभा के जिला अध्यक्ष

**नारनौल।** सैनी सभा नारनौल के प्रधान बिशनकुमार सैनी को हरियाणा सैनी महासभा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समाज के सभी पदाधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों व सैनी समाज के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि बिशन सैनी के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत, संगठित व प्रगतिशील बनेगा।

### महिलाओं की सुरक्षा के लिए वचनबद्ध सरकार

**महेंद्रगढ़।** विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए योजनाएं लागू करने में निरंतर कार्य कर रही है। इस उद्देश्य से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह योजना लागू करके प्रदेश की प्रत्येक जरूरतमंद महिला का सम्मान किया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने इस योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 0172-4880500 स्थापित किया है।

### बेगपुर में 30 सितंबर को मां जगदंबा मेला

**नारनौल।** पुर अटेली में हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी 30 सितंबर को 46वां मां जगदंबा का मेला बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। भक्तजनों के लिए जगदंबा मेला कमेटी बेगपुर दिन में खेलकूद प्रोग्राम व रात्रि को विशाल रागनी कंपटीशन का आयोजन करवागी। मेले में आने वाले भक्तों व खिलाड़ियों के लिए दिन व रात का शुद्ध देसी घी का भंडारा मां के भक्त पवन कुमार पुत्र मैनपाल फौजी बेगपुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

### पूर्व सरपंच के निधन पर जताया शोक

**नारनौल।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला उपाध्यक्ष व निवाजनगर की पूर्व सरपंच माया सैनी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि माया सैनी पार्टी के प्रति अत्यंत मेहनती और निष्ठावान कार्यकर्ता थी। शर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती संगोष्ठी व आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यशाला का आयोजन निर्धारित था।

---

*मंडी के 19 आढ़तियों के करीब पांच लाख रुपये फंसे*

# सरकारी खरीद के व्यापारियों की आढ़त दो साल से मार्केटिंग सोसायटी में अटकी, कमीशन मांगने के आरोप

**जिला उपायुक्त से लेटलतीफी की जांच व कार्रवाई की लगाई गुहार, अनाज मंडी के आढ़तियों को दो साल से आढ़त नहीं मिली**

*रिकार्ड को दुरुस्त करके आढ़तियों का कमीशन 1.25 फीसदी दर्ज कर दिया था बावजूद आढ़तियों को एक फीसदी ही आढ़त का भुगतान हुआ है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

अनाज मंडी में हर साल समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीद होती है। सरकार के निर्देशानुसार किसान को 72 घंटे तथा आढ़तियों को मंडी बैलेंस क्लीयर होते ही कंप्लीट भुगतान करने के निर्देश हैं, लेकिन नांगल चौधरी अनाज मंडी के आढ़तियों को दो साल से आढ़त नहीं मिली है।

परेशान आढ़तियों ने विभागीय अधिकारियों पर कमीशन लेने की मंशा से परेशान करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने जिला उपायुक्त से आढ़त रोकने के कारणों की जांच करने की गुहार लगाई है। आढ़तियों ने बताया कि नांगल चौधरी अनाज मंडी में केवल समर्थन मूल्य पर सरसों और बाजरे की खरीद होती है। 2023 में खरीद के शुरूआती दौर में केंद्रीय एजेंसी नैफेड की ओर से खरीद की गई थी। उस एजेंसी ने आढ़तियों को एक फीसदी आढ़त दी थी। केंद्रीय एजेंसी का टारगेट पूरा होने के बाद मार्केटिंग सोसायटी की मार्फत हैफेड ने 1.25 फीसदी आढ़त पर सरसों खरीदी थी, लेकिन मार्केट कमेटी ने करीब तीन दिन तक केंद्रीय एजेंसी के नाम से टोकन अलॉट कर दिए, जिसका भुगतान एक फीसदी आढ़त की दर से हुआ है। गलती की भनक लगने पर आढ़तियों ने तुरंत मार्केट कमेटी व मार्केटिंग सोसायटी के अधिकारियों से संपर्क किया था। उन्होंने रिकार्ड को दुरुस्त करके आढ़तियों का कमीशन 1.25 फीसदी दर्ज कर दिया था। बावजूद आढ़तियों को एक फीसदी ही आढ़त का भुगतान हुआ है। परेशान व्यापारियों ने हैफेड के जिला प्रबंधक व मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक को विभागीय अनियमितताओं से अवगत कराया। इसके बाद मार्केटिंग सोसायटी को खरीद एजेंसी ने बकाया भुगतान कर दिया, इसके बावजूद सोसायटी ने आढ़तियों के पैसे रोक रखे हैं। बार बार पैसे मांगने पर प्रबंधक ने हड़काना आरंभ कर दिया। उन्होंने तर्क दिया कि पैसों के भुगतान की एक प्रक्रिया होती है, जिसका अनुसरण करने पर ही समाधान संभव हो पाएगा। मंडी के आढ़तियों ने आढ़त भुगतान में हो रही लेटलतीफी व लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

**अब बाजरे की खरीद शुरू हो गई, बकाया आढ़त के भुगतान में दो महीने लगेंगे**

प्रबंधक सुनील चौधरी ने बताया कि करीब 10 दिन पहले ही मार्केटिंग सोसायटी का चार्ज संभाला है। जिस कारण आढ़त भुगतान में हुई देरी के कारण नहीं बता पाऊंगा। मंडी के आढ़तियों के करीब पांच लाख बकाया हैं, लेकिन अब बाजरे की खरीद आरंभ हो गई। वर्कलोड होने के कारण दो महीने तक बकाया पेमेंट का भुगतान करना संभव नहीं हो पाएगा।

---

### रामलीला परिषद के रंगमंच पर धनुष यज्ञ की लीला का मंचन

**महेंद्रगढ़।** रामलीला परिषद के रंगमंच पर धनुष यज्ञ का मंचन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सहकार भारती के जिला अध्यक्ष एडवोकेट पारस शर्मा उपस्थित रहे। राम के अभिनय में रवि सैनी ने अपनी गायन व संवाद शैली से दर्शकों का मन मोहा। लक्ष्मण के अभिनय में जयसिंह सैनी ने भी अपने किरदार के साथ पूरा न्याय किया। धनुष यज्ञ के दृश्य में रावण बानासुर संवाद पर दर्शकों ने खूब तालियां बजायी। रावण के अभिनय में राजू सोनी व बानासुर के अभिनय में अमित मिश्रा ने अपने अपने चरित्र के साथ पूरा न्याय किया। पेटल महाराज के रूप में मथुरा से पधारे कृष्णस्वरूप आवारा का साइकिल की सवारी करते हुए आना तथा मंच पर उनके अभिनय ने दर्शकों को खूब हंसाया।

---

## कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव रहे मुख्य अतिथि

# सीएम ने वर्चुअल माध्यम से किया लाडो लक्ष्मी योजना का एप लॉन्च

**मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण के संकल्प को पूरा किया: ओमप्रकाश यादव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस के अवसर पर वीरवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से प्रदेश सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना में पंजीकरण के लिए वर्चुअल माध्यम से एप लॉन्च किया। वहीं सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने इस योजना का शुभारंभ किया। नागरिकों ने बड़ी एलईडी स्क्रीन के जरिए मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। इस मौके पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार, एसडीएम अनिरुद्ध यादव, सीईओ जिला परिषद उदय सिंह, बीजेपी जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, भाजपा महिला जिला अध्यक्ष भारती सैनी, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा, डीआईओ प्रशांत कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जेपी सैनी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।




नारनौल। लाडो लक्ष्मी योजना के एप की जिला स्तर पर लांचिंग करते विधायक ओमप्रकाश यादव। फोटो: हरिभूमि

**फोटो करना होगा अपलोड**

लाडो लक्ष्मी योजना में अंतिम में आवेदिका को अपना फोटो अपलोड करना होता है। फोटो अपलोड करने में कोई छह प्रकार बनाए हुए हैं, जिसमें मुंह खोलने, हंसना, चेहरे को घुमाना, आंखें बंद करना था, जिसमें खंड में महिलाओं को थोड़ा अजीब लगा। परंतु अनेक महिलाओं को इस प्रक्रिया में रजिस्ट्रेशन सबमिट होने में समय लग गया।

**निःशुल्क जांच शिविर लगाया**


इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार की देखरेख में लगे इस शिविर में नागरिकों ने दिनभर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि परिवार की मजबूती और खुशहाली के लिए महिलाओं का स्वास्थ्य सबसे जरूरी है। अगर एक महिला स्वस्थ है, तो पूरा परिवार में समाज भी स्वस्थ रहेगा।

**लाडो योजना के चरण इस प्रकार**

**पहला चरण** : पहले चरण में आवेदिका को पूरा विवरण भरना होगा, जिसमें बताना होगा कि वह विवाहित है या नहीं, निवासी कब से है, निवास प्रमाण पत्र, आधार का नंबर भरना होगा।
**दूसरा चरण** : दूसरे चरण में आवास का विवरण भरना होगा। इसमें बताना होगा कि खुद का आवास है या किराए पर रह रहे हैं। विवाह से पहले आवास का विवरण भी भरना होगा। इसके साथ ही बिजली कनेक्शन व मीटर का मौजूदा विवरण भरना होगा।
**तीसरा चरण** : तीसरे चरण में परिवार के सदस्यों की संख्या भरनी होगी। इसमें माता-पिता, सास ससुर और उनके आधार नंबर भी भरने होंगे। इसमें हरियाणा कौशल रोजगार निगम की भी जानकारी देनी होगी।
**चौथा चरण** : चौथे चरण में आय का विवरण देना होगा। इसमें ससुराल पक्ष के आय का विवरण देना होगा। इसके साथ ही परिवार के सदस्यों के वाहनों का ब्यौरा, उसका रजिस्ट्रेशन नंबर और किसके पास कौन सा वाहन है, उसकी भी जानकारी देनी होगी।
**पांचवां चरण** : पांचवें चरण में स्वयं के बैंक खाते की पूरी जानकारी देनी होगी। इसमें पैन नंबर की भी जानकारी देनी होगी।
**छठा चरण** : छठे चरण में अब तक जो विवरण भरा गया था, उसकी जानकारी डिस्पले होगी और इसमें स्व घोषणा करनी होगी कि इसमें सभी जानकारियां सत्य और पूर्ण हैं। यदि इसमें कोई जानकारी झूठी और भ्रामक पाई जाती है तो इस योजना का लाभ पाने के लिए अयोग्य घोषित किया जाए और उसके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाए। उसके बाद जमा करने वाला विकल्प चुनना होगा। इसके बाद ही आईडी बन जाएगी, जिसमें आवेदिका की आईडी, आवेदिका का नाम, जन्मतिथि, वैवाहिक स्थिति, रोजगार, आय और आवेदन की स्थिति दिखेगी।

---

# जुड़वा भाइयों ने पौधे लगाकर मनाया अपना जन्मदिन



महेंद्रगढ़। विद्यालय स्टॉफ को पौधे वितरित करते सतन सिंह व रतन सिंह।

- विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल भगड़ाना में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने वाले पूर्व शिक्षक सतन सिंह व उनके जुड़वा भाई राज ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर व पूर्व नेवी ऑफिसर रतन सिंह को सम्मानित किया गया।

इसी कड़ी में दोनों भाइयों ने अपना 51वां जन्मदिन राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल भगड़ाना, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढाढ़ोत एवं मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी के विद्यार्थियो एवं स्टाफ को 125 पौधे वितरित कर मनाया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि आज के समय में दिन प्रतिदिन पेड़ कम होते जा रहे है, जो एक चिंता का विषय है। पेड़-पौधों की कमी से मनुष्यों को कई हानियां का सामना करना पड़ सकता है, जिनमें ऑक्सीजन की कमी, वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का बढ़ना, जलवायु परिवर्तन, सूखा, बीमारियों का खतरा बढ़ना, भोजन और दवाओं की कमी तथा जैव विविधता और जीवों का आश्रय खत्म होना आदि का हमसब को सामना करना पड़ सकता है।

पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए आवश्यक हैं, क्योंकि वे स्वच्छ ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को सोखते हैं, भोजन का स्त्रोत बनते हैं। सतन सिंह और उनका जुड़वा भाई रतन सिंह पिछले कई वर्षो से अपने जन्मदिन पर विभिन्न स्थानों पर पेड़झ्रपौधे लगाने के साथझ्रसाथ विद्यार्थियों ओर स्टाफ सदस्यों को पौधे वितरित कर मनाते आ रहे हैं। अब तो दोनों भाइयों ने सैकड़ों से भी अधिक पौधे लगा चुके है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल डायरेक्टर हुकुम सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुरेंद्र सिंह, प्राचार्य अजीत सिंह, प्राचार्य प्रदीप कुमार सहित संपूर्ण स्टाफ सदस्य ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

# एकमुश्त व्यवस्थापन स्कीम के लिए दो दिन शेष

## करदाताओं को बकाया राशि के भुगतान पर ब्याज और जुर्माने में मिलेगी पूरी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार ने राज्य में बकाया करों की वसूली को आसान बनाने और व्यापारियों को राहत देने के लिए एक विशेष योजना एकमुश्त व्यवस्थापन स्कीम लागू की हुई है। यह योजना उन करदाताओं के लिए है, जिनके कर जीएसटी (वस्तु और सेवा कर) लागू होने से पहले के सात विभिन्न अधिनियमों से संबंधित हैं। इस योजना के तहत करदाताओं को बकाया राशि के भुगतान पर ब्याज और जुर्माने में पूरी छूट मिलेगी।

यह जानकारी देते हुए उप आबकारी व कराधान आयुक्त (जीएसटी) प्रियंका यादव ने बताया कि यह योजना 27 सितंबर तक वैध है और इस अवधि तक बकाया देय पर जुर्माना व ब्याज की पूरी छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए करदाता www.haryanatax.gov.in वेबसाइट पर जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त वे उप आबकारी व कराधान आयुक्त (जीएसटी) के कार्यालय पुराना लघु सचिवालय प्रथम तल में भी संपर्क कर सकते हैं। किसी भी सवाल के लिए मुख्यालय के टोल-फ्री नंबर 1800-102-2012 पर भी कॉल किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह योजना 27 सितंबर तक ही उपलब्ध है।

**ये है इस योजना के मुख्य बिंदु**

- एक लाख तक की बकाया राशिः एक लाख तक के सभी बकाया करों पर पूरी छूट दी जाएगी।
- एक लाख से 10 लाख तक की बकाया राशिः करदाताओं को एक लाख रुपये तक की बकाया राशि पर पूरी छूट मिलेगी, जबकि शेष राशि पर 60 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।
- 10 लाख से 10 करोड़ तक की बकाया राशिः इस श्रेणी में बकाया कर पर 50 प्रतिशत की छूट उपलब्ध है।
- 10 करोड़ से अधिक की बकाया राशिः 10 करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि पर कर में कोई छूट नहीं है, लेकिन ब्याज व जुर्माने से पूरी छूट दी गई है।

**किस्त भुगतान सुविधा**

जिन करदाताओं की निपटान राशि 10 लाख से अधिक है, वे दो किस्तों में भुगतान कर सकते हैं। पहली किस्त ओटीएस एक के साथ जमा करनी होगी और दूसरी किस्त का भुगतान 60 दिनों के भीतर करना अनिवार्य है।

---

# विधायक ने कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

- शिक्षक स्टॉफ की किल्लत से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर



निजामपुर। छिलरो कॉलेज का निरीक्षण करती विधायक मंजू चौधरी।

विधायक मंजू चौधरी ने छिलरो कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था का आंकलन करने के बाद उन्होंने प्राचार्य से कॉलेज संबंधी समस्याएं पूछी। उन्होंने शिक्षक स्टॉफ की किल्लत से अवगत कराया। जिस कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित बनी हुई है। विधायक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र भेजकर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज प्रशासन को विद्यार्थियों की सुविधाओं में पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निजामपुर ब्लॉक में छिलरो कॉलेज एकमात्र उच्च शिक्षण संस्थान है। जिसमें 50 गांव व ढाणियों के विद्यार्थी उच्च शिक्षा हासिल करते हैं। बीते दिनों विधायक मंजू चौधरी को कॉलेज में अव्यवस्थाएं होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद सुबह करीब 11 बजे कॉलेज में औचक निरीक्षण करने पहुंची, सबसे पहले उन्होंने स्टॉफ की हाजिरी रिपोर्ट जांची। प्राचार्य ने तर्क दिया कि अधिकांश विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं, पढ़ाई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए डेपूटेशन पर शिक्षक नियुक्त हैं। प्राचार्य को साथ लेकर विधायक ने प्रत्येक कक्षा का निरीक्षण किया तथा समस्याएं सुनी। विद्यार्थियों ने ग्राउंड में कंटीली घास खड़ी होने तथा उबड़ खाबड़ स्थिति से अवगत कराया। कहा कि संसाधनों के आभाव में खेल प्रतिभा को निखारना संभव नहीं हो पाता है। अधिकतर छात्र छात्राएं गांवों से आते हैं जिनके लिए बसों का प्रबंध नहीं।

---

## सीआरपीएफ के उपनिरीक्षक उनिंदा निवासी विजय सिंह के साथ मारपीट का मामला

# पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप, विभिन्न संगठनों ने किया प्रदर्शन

**आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सीआरपीएफ के उप निरीक्षक उनिंदा निवासी विजय सिंह के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस प्रशासन की ओर से कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में विभिन्न संगठनों की बैठक हुई। महेंद्रगढ़ रोड स्थित संघर्ष समिति कार्यालय में हुई इस बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान चंदन सिंह जालवान ने की। बैठक में मामले को लेकर सवा महीने व्यतीत होने के बाद भी कार्रवाई न करने पर पुलिस की कार्यशैली पर बैठक में विभिन्न संगठनों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सामूहिक हस्ताक्षरयुक्त पत्र राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, मुख्यमंत्री व प्रशासन के संबंधित उच्च अधिकारियों को भेजकर आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। बैठक का संचालन करते हुए समिति के महासचिव व कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के वाइस चेयरमैन बिरदी चंद गोठवाल ने बताया कि 12 अगस्त को उनिंदा निवासी शिवचरण यादव, संजय यादव, बाजरिया व तुलाराम यादव आदि ने एक सोची समझी चाल के तहत मार पिटाई कर उनींदा निवासी विजय सिंह को गंभीर रूप से घायल





नारनौल। रोष प्रकट करते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व घायल विजय सिंह। फोटो: हरिभूमि

**यह रहे मौजूद**

इस मौके पर गुरु रविदास महासभा के प्रधान बाबूलाल नारनौलिया, पूर्व प्रधान बलवीर सिंह बबेरवाल, संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष व वाल्मीकि सभा के राजेश चांवरिया, भारतीय सामाजिक परिवर्तन संघ के सचिव सुमेर सिंह गोठवाल, समिति के उपाध्यक्ष वीरसिंह गोठवाल, अटेली ब्लॉक के प्रधान किशनलाल, संघर्ष समिति के प्रमुख सलाहकार प्रभुदयाल, दयानंद सांवरिया, खंड नांगल चौधरी ब्लॉक के प्रधान रोहतास सिंह, खण्ड नारनौल के प्रधान सुरेश नारनौलिया, कानूनी सलाहकार एडवोकेट भीमसिंह दहिया, सूबेसिंह गोठवाल, बलबीर हुडीना, सचिव हरिराम सिरोहा, हजारीलाल खटावला, अमरनाथ सिरोहा, बहादुर सिंह, अमित कुमार, रामचंद्र सैनी, प्रवीण प्रजापत आदि मौजूद थे।

**क्या कहते है पीड़ित**

पीड़ित विजय सिंह ने कहा कि घटित घटना में एमएलआर में दर्ज चोटों का अवलोकन करने के बाद भी कार्रवाई न करने से आरोपितों के हौसले बुलंद हैं। प्रधान चन्दन सिंह जालवान, अखिल भारतीय आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष पूर्व तहसीलदार लालाराम नाहर, हरियाणा प्रदेश चमार महासभा के जिलाध्यक्ष एवं समिति के प्रवक्ता अनिल फाण्डन, धानक समाज के प्रमुख समाजसेवी पूर्व डीजीएम महेंद्र खन्ना, मानव समाजसेवा फाउंडेशन के प्रधान जयपाल व कोषाध्यक्ष प्यारेलाल चवन आदि ने कहा कि पिछड़े समाज की घटनाओं को पुलिस गंभीरता से नहीं लेती।